RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 04 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 46 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : हम बकरीद पूरी गाइडलाइंस फॉलो करके मनाते हैं - वारिस पठान**



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ठाणे : राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच के सिलसिले में 19 मोबाइल जप्त । फोरेंसिक लैब भेजा गया

**ठाणे :** महाराष्ट्र एटीएस और ठाणे ग्रामीण पुलिस ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच के सिलसिले में ठाणे के पडघा में छापेमारी की. इस दौरान अलग-अलग लोगों से कुल 19 मोबाइल जप्त किए गए और उन्हें फोरेंसिक लैब भेजा गया है. सूत्रों ने बताया कि मोबाइल की फोरेंसिक जांच करने पर यह स्पष्ट हो पायेगा की उनके पास किस तरह के कंटेंट हैं या उनकी सोच क्या रही होगी.

इस मामले में महाराष्ट्र एटीएस ने 2 प्राथमिकी आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की है. साथ ही बताया कि इन दोनों मामलों में 2 लोगों को आरोपी बनाया गया, जिन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया है. सूत्रों ने आगे बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. इसके अलावा जब भी जरूरी होगा तो कई और संदिग्ध भी हैं, जिन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा.

**साजिश रचने की संभावना**

आपको बता दें कि ठाणे के पडघा में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में सक्रिय और षड्यंत्रकारी कई व्यक्तियों को पहले भी विभिन्न आतंकवादी मॉड्यूलों के तहत विभिन्न अपराधों के लिए गिरफ्तार किया जा चुका है. एटीएस सूत्रों की मानें तो उस कार्रवाई में साकिब अब्दुल हामीद नाचन नामक एक कट्टर पूर्व सिमी कार्यकर्ता और उसके गुर्गों ने क्षेत्र में लोगों के बीच भड़काऊ और उत्तेजक भाषण देकर लोगों को राष्ट्रविरोधी कार्रवाई करने के लिए उकसाया है. जिससे उनके कट्टर समर्थक सक्रिय नजर आए. साथ ही इससे विश्वसनीय गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई कि वह देश के खिलाफ आतंकी साजिश रचने और उसे अंजाम देने की संभावना रखते थे. इस पृष्ठभूमि के आधार पर, ठाणे एटीएस ने न्यायालय से, पडघा में संदिग्धों के घरों की तलाशी के लिए वारंट प्राप्त किए. अदालत से जारी तलाशी वारंट के आधार पर 1 जून 2025 की मध्यरात्रि से 2 जून 2025 की दोपहर तक महाराष्ट्र राज्य के एटीएस और ठाणे ग्रामीण पुलिस प्रशासन ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया. इस अभियान में एटीएस और ठाणे ग्रामीण पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कई संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया. जब्त की गई वस्तुओं में मोबाइल हैंडसेट, तलवारें, चाकू, संपत्ति से संबंधित संदिग्ध दस्तावेज और आतंकवाद/कट्टरपंथ को प्रोत्साहित करने वाले संदिग्ध दस्तावेज भी शामिल थे.

# मुंबईः बीएमसी चुनावों में सबको चौंका सकता है एमवीए

**हाई प्रोफाइल सीटों पर हर पार्टी अकेले चुनाव लड़ सकती है**




**मुंबईः** महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इस साल के अंत में होने वाले बीएमसी चुनावों में सबको चौंका सकता है – तीनों सहयोगी दल, कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी (एसपी) अकेले चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अभी तक कोई भी इसे आधिकारिक तौर पर नहीं बता रहा है. एमवीए के नेता – कुछ ऑन रिकॉर्ड, कुछ ऑफ रिकॉर्ड – कह रहे हैं कि वह एक-दूसरे की ताकत का आकलन करेंगे और फिर फैसला करेंगे, लेकिन गठबंधन के नेताओं से बात करने के बाद दिप्रिंट को जो समझ में आया, वह यह था कि मुंबई, पुणे, नागपुर और ठाणे जैसी हाई प्रोफाइल सीटों पर हर पार्टी अकेले चुनाव लड़ सकती है.

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट सतर्क थे. उन्होंने सोमवार को मीडिया से कहा कि एमवीए मिलकर तय करेगी कि आगे कैसे बढ़ना है. ''समान विचारधारा वाली पार्टियों को एक साथ रहना चाहिए और आगामी चुनावों के लिए, एमवीए के रूप में, हमारे नेता बैठकर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए.''

हालांकि, मुंबई में अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह आखिरी फैसला स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं पर छोड़ सकते हैं. कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंधे ने कहा, ''हमारी लाइन बहुत स्पष्ट है. हमने इसे अपने स्थानीय स्तर के नेताओं पर छोड़ दिया है, जहां भी वह अकेले जाने का फैसला करेंगे, हम अकेले ही लड़ेंगे. यह स्थानीय स्तर के नेतृत्व पर निर्भर करता है.''

कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ''हम अकेले ही लड़ेंगे, जहां हम मजबूत हैं, जैसे मुंबई, नागपुर और जहां भी हमें लगेगा कि हमें अपने प्रयासों को संयोजित करने की जरूरत है जैसे कोल्हापुर, सांगली, पुणे, हम ऐसा करेंगे. इसलिए एमवीए बरकरार है. हालांकि, हर एक निगम, जिला परिषद, नगर पंचायत का व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन किया जाएगा.''

यह ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस की गठबंधन सहयोगी शिवसेना यूबीटी ने ''महाराष्ट्र के व्यापक हित में'' राज ठाकरे और उनकी एमएनएस को संकेत भेजे हैं.

# मुंबईः राउत के रहते उद्धव ठाकरे को राजनीतिक दुश्मन की जरूरत नहीं - गिरीश महाजन



**मुंबईः** महाराष्ट्र के वरिष्ठ भाजपा मंत्री गिरीश महाजन ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत पर तीखा हमला बोला। महाजन ने कहा कि राउत के रहते उद्धव ठाकरे को राजनीतिक दुश्मन की जरूरत नहीं है।

उन्होंने राउत को दलाल करार देते हुए कहा कि ऐसे लोग पार्टी संगठन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह विवाद संजय राउत के महाजन पर तीखे हमले से उपजा है, जिसमें राउत ने कहा था कि जब भाजपा सत्ता खो देगी तो महाजन पार्टी छोड़ने वाले पहले नेता होंगे। राउत पर पलटवार करते हुए फडणवीस कैबिनेट में जल संसाधन विभाग संभाल रहे महाजन ने संवाददाताओं से कहा, ''उद्धव ठाकरे को अपनी पार्टी को नष्ट करने के लिए किसी राजनीतिक दुश्मन की जरूरत नहीं है, क्योंकि संजय राउत इस काम के लिए काफी हैं।''

# मुंबईः एकनाथ शिंदे गुट के मंत्री डिप्टी सीएम अजित पवार से नाराज

**मंत्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार में सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए**

**मुंबईः** महाराष्ट्र की सियासत से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, एकनाथ शिंदे गुट के मंत्री डिप्टी सीएम अजित पवार से नाराज हैं। इन मंत्रियों का आरोप है कि ''अजित पवार हमारे विकास कामों पर रोक लगाते हैं।'' शिंदे गुट के मंत्रियों ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से इस मामले की शिकायत भी की है। दरअसल आज एकनाथ शिंदे ने सभी शिवसेना के मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह बैठक हुई थी। इस बैठक में अजित पवार के खिलाफ सभी मंत्रियों ने आवाज उठाई। मंत्रियों का कहना था कि अजित पवार अर्थमंत्री हैं, और वह हमें पैसे नहीं देंगे तो हम काम कैसे करेंगे? मंत्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार में सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए।



**शिंदे ने अपने गुट के मंत्रियों को दिया ये आश्वासन**

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने अपने गुट के मंत्रियों को आश्वासन देते हुए कहा, ''मैं खुद अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस से बातचीत करूंगा और समस्या का हल निकालूंगा।

हालांकि बैठक के बाद शिवसेना कोटे से मंत्री प्रताप सरनाईक ने इन खबरों का खंडन किया और कहा किसी ने कोई नाराजगी नहीं जताई। सरकार में कुछ मुद्दे होंगे तो बातचीत से सुलझाएंगे।

**बीजेपी के नेताओं ने अमित शाह से की थी अजित पवार की शिकायत**

गृह मंत्री अमित शाह जब पिछले महीने 26 मई को महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के दौरे पर थे तो बीजेपी के नेताओं और विधायकों ने अजित पवार की शिकायत अमित शाह से की थी। तब अमित शाह ने कहा था कि इतना काम करें कि अजीत पवार आप लोगों की शिकायत लेकर मेरे पास आएं।

अजित पवार को लेकर बीजेपी नेताओं और अब शिंदे गुट के नेताओं की नाराजगी ने सियासी गलियारों में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि क्या महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में सब कुछ ठीक चल रहा है? इस नाराजगी के मायने भी लोग खोजने लगे हैं। गौरतलब है कि अजित पवार डिप्टी सीएम हैं और सरकार में उनका कद काफी अहम है।

# मुंबईः अनुसूचित जनजाति के लिए महाराष्ट्र में बनेगा स्वतंत्र आयोग



**मुंबई :** महाराष्ट्र कैबिनेट ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए एक केंद्रीय निकाय की तर्ज पर एक अलग आयोग बनाने को मंजूरी दी है। यह फैसला मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि केंद्र सरकार के पास अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए अलग-अलग आयोग हैं, जो इन समुदायों से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं को देखते हैं। इसी आधार पर राज्य में भी दो अलग आयोग होना जरूरी है। सीएमओ ने बताया कि ये दोनों आयोग स्वतंत्र रूप से काम करेंगे।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण

नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में भारत के प्रयासों के सामने एक प्रमुख चुनौती है राष्ट्रीय ग्रिड में ऐसी ऊर्जा की कम खपत। नवीकरणीय ऊर्जा में प्रमुख तौर पर सौर, पवन तथा जल विद्युत शामिल हैं और इसकी कुल क्षमता देश की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता की 40 फीसदी है मगर वास्तविक उत्पादन में अब भी कोयले वाले ईंधन का 78 फीसदी योगदान है। यह अंतर बताता है कि नवीकरणीय ऊर्जा को खपाने में राष्ट्रीय ग्रिड को किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समाचार पत्र में प्रकाशित एक हालिया खबर में कहा गया कि ग्रिड प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है ह्यअत्यधिक नवीकरणीय ऊर्जाह्ण की खपत करना। इस विशिष्ट समस्या को सहजता से दूर करने यानी नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड व्यवस्था में सहजता से मिलाना जरूरी है क्योंकि ऐसा होने पर ही भारत 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ पाएगा।

नवीकरणीय ऊर्जा दिन में उच्चतम स्तर पर रहती है, जिससे दिन में इसकी सबसे ज्यादा आपूर्ति होती है मगर अधिकतम मांग अक्सर शाम के समय होती है। ऊंची मांग वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता बहुत तेजी से कम हो जाती है और उस समय कोयले से बनी बिजली की तत्काल आवश्यकता होती है। नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में अचानक तेजी और अचानक गिरावट से ग्रिड में उथलपुथल मच सकती है और बिजली जा सकती है। पिछले महीने स्पेन में बिजली गुल होने की जो घटना हुई थी, उसका कारण सौर ऊर्जा उत्पादन में आई एकाएक गिरावट को बताया गया था। गत वर्ष भारत के सौर ऊर्जा संपन्न राज्यों में बिजली जाने की घटनाएं हुईं। ऐसा भीषण गर्मी के समय हुआ, जब मांग बहुत अधिक होती है। देश में ग्रिड चलाने वाली ग्रिड इंडिया के अधिकारी भी अब तक विकल्प तलाश रहे हैं ताकि मांग और आपूर्ति में गड़बड़ी को दूर किया जा सके। इसमें ताप बिजली घरों को दो पालियों में चलाने यानी सुबह और शाम ढलने पर चलाने का विकल्प भी शामिल है। कोशिश यह भी है कि धूप जैसे ही खत्म हो, नवीकरणीय ऊर्जा को ऑफलाइन कर दिया जाए। दूसरा विकल्प यह है कि ताप बिजली संयंत्रों को 40-45 की ताप दर पर चलाया जाए और नवीकरणीय ऊर्जा कमजोर पड़ने पर इसकी क्षमता बढ़ा दी जाए। ताप दर से तात्पर्य है इलेक्ट्रिकल ऊर्जा के उत्पादन में ताप बिजली का योगदान। केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण भी ऐसे नियमन की तलाश कर रहा है जो ताप बिजली उत्पादकों को ताप दर कम करने पर मुआवजा दिया जा सके।


editor@rokthoklekhaninews.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok



ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani


# मुंबई : हम बकरीद पूरी गाइडलाइंस फॉलो करके मनाते हैं - वारिस पठान



**मुंबई :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रवक्ता वारिस पठान ने महाराष्ट्र में बकरीद के अवसर पर कुछ दिनों के लिए बकरों की बिक्री पर कथित रोक से जुड़े निदेशों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इसे महज अफवाह बताते हुए कहा कि अब तक महाराष्ट्र सरकार की ओर से ऐसा कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है. वारिस पठान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''संविधान सब को इजाजत देता है अपना-अपना त्योहार मनाने का. कुछ लोग ये अफवाह फैला रहे हैं कि आप बकरा बेच-खरीद नहीं सकते. महाराष्ट्र सरकार ने ऐसा कोई नोटिफिकेशन अब तक नहीं निकाला है.''

पोस्ट में पठान ने आगे लिखा, ''हर साल हम बकरीद पूरी गाइडलाइंस फॉलो करके मनाते हैं और इस बार भी ऐसा ही करेंगे. किसान सालभर बकरा पालता है ताकि ईद के वक्त कुछ पैसा कमा सके. क्या यह उसका नुकसान नहीं होगा?''

**सरकार ऐसा कुछ जारी करती है, तो हम देखेंगे- वारिस पठान**

वारिस पठान ने कहा, ''मेरी जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने अभी तक ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि बकरीद के लिए जानवर नहीं खरीदे या बेचे जा सकते. ऐसा कोई आदेश या नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है. अगर भविष्य में सरकार ऐसा कुछ जारी करती है, तो हम देखेंगे, पर अभी ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है.'' उन्होंने आगे कहा कि भारत एक सेक्युलर देश है, जहां हर धर्म के लोग अपने-अपने त्योहारों को मिल-जुलकर मनाते हैं. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदू होली और दिवाली मनाते हैं, ईसाई अपना त्योहार मनाते हैं और मुसलमान बकरीद मनाते हैं, सब मिलकर अपने पर्व मनाते हैं.

**सरकार जल्द से जल्द एक नोटिफिकेशन जारी करे- पठान**

उन्होंने कहा, ''कई सालों से हम कानून और सरकारी दिशा-निदेशों का पालन करते हुए बकरीद मनाते आए हैं. अब अगर कोई ये कहे कि बाजार में इस तारीख से उस तारीख तक जानवर नहीं बिक सकते, तो यह किसानों के साथ अन्याय होगा. किसान सालभर मेहनत से जानवर पालते हैं ताकि त्योहार पर उनकी बिक्री से कुछ आमदनी हो सके.'' उन्होंने मांग की कि महाराष्ट्र सरकार जल्द से जल्द एक स्पष्ट नोटिफिकेशन जारी करे, जिससे जनता में फैली अफवाहों पर विराम लगे और स्थिति स्पष्ट हो.

पठान ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ तत्व देश में आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा, ''लोग हमें फोन कर रहे हैं, घबराए हुए हैं. हमने उन्हें कहा कि अभी तक कोई आधिकारिक निर्णय नहीं आया है. कुछ लोगों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा कि देश के 140 करोड़ लोग एकता से खड़े हैं, इसलिए नफरत फैलाने की कोशिश हो रही है.''

## मुंबई: 50 इलेक्ट्रिक बसें अग्नि सुरक्षा प्रणाली की कमी के कारण शिवाजी नगर डिपो में खड़ी हैं; यात्रियों में असंतोष



**मुंबई :** ओलेक्ट्रा की सहायक कंपनी ईवे ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम को 50 इलेक्ट्रिक बसों का एक बैच, जिनमें से प्रत्येक की लंबाई 12 मीटर है, की आपूर्ति की गई है। ये बसें 2,100 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति से जुड़े एक बड़े अनुबंध का हिस्सा हैं। ये बसें इस साल 18 मार्च से 16 मई के बीच अलग-अलग तारीखों पर ईडब्ल्यू सीरीज में पंजीकरण कोड टल्ल-01 के साथ पूरे द्वीप शहर मुंबई पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले ताड़देव आरटीओ में पंजीकृत की गई थीं। अधिकारी ने कहा कि 16 मई के बाद माजस डिपो में प्राप्त कुछ बसों का अभी तक आरटीओ में पंजीकरण नहीं हुआ है।

''निरीक्षण के दौरान, यह पाया गया कि ये 50 बसें अग्नि जांच और दमन प्रणाली (एफडीएसएस) से सुसज्जित नहीं थीं, जो एक अनिवार्य सुरक्षा आवश्यकता है। नतीजतन, उन्हें शिवाजी नगर डिपो में पार्क किया गया है और वे अभी तक यात्री सेवा के लिए योग्य नहीं हैं'' एक अधिकारी ने कहा, जो नाम नहीं बताना चाहते। यह घटनाक्रम बेस्ट के लिए ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुआ है, जब वह कई स्वयं-स्वामित्व वाली बसों को समय पर बदले बिना हटा दिए जाने के कारण सेवा में व्यवधान से जूझ रही है, जिसके परिणामस्वरूप सेवा की आवृत्ति कम हो गई है और यात्रियों में असंतोष बढ़ रहा है।

## घर के पास शौचालय निर्माण को लेकर विवाद में व्यक्ति पर तलवार से हमला



**कल्याण :** कल्याण पश्चिम के उम्बार्डे में 24 वर्षीय विक्रांत जाधव पर तलवार से बेरहमी से हमला किया गया। माना जा रहा है कि यह हमला जमीन विवाद के चलते हुआ है। पुलिस सूत्रों के हवाले से मिली खबरों के मुताबिक, जाधव पानी भर रहे थे, तभी उन पर हमला किया गया। फिलहाल उनका कल्याण के रुक्मिणीबाई अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के पिता विजय जाधव ने पड़ोसी गायकवाड़ परिवार के सदस्यों पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच संपत्ति के मुद्दे पर कई सालों से विवाद चल रहा है। विजय ने पहले गायकवाड़ के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अगर उन्होंने उनके घर के बगल में शौचालय का निर्माण नहीं रोका तो वे उनके परिवार को जान से मार देंगे। खड़कपाड़ा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है और फिलहाल मामले की जांच कर रही है। सभी हमलावरों की पहचान करने तथा पूर्व में दी गई धमकियों और जबरन वसूली के आरोपों की पुष्टि करने के प्रयास जारी हैं।

# मानसून में मेट्रो के संचालन और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम...

**मुंबई :** महामुंबई मेट्रो ने मानसून में ट्रेनों के संचालन और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम किए हैं. मानसून के दौरान बेहतर संचालन और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए महामुंबई मेट्रो ऑपरेशन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मेट्रो लाइन 2ए और 7 के लिए व्यापक मानसूनी तैयारी कार्यक्रम की शुरूआत की है. एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त और एमएमएमओसीएल के अध्यक्ष डॉ. संजय मुखर्जी (भा.प्र. से.) के कुशल मार्गदर्शन और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे के दूरदर्शी नेतृत्व में यह पहल शुरू की गई है. इसका उद्देश्य मुंबईवासियों को बिना किसी रुकावट के सुरक्षित और कुशल मेट्रो सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है.



**मुख्य मानसूनी उपाय**

1. मेट्रो लाइन 2ए और 7 के 10 प्रमुख स्टेशनों पर विंड वेलोसिटी एनिमोमीटर लगाए गए हैं, ताकि मौसम की जानकारी रियल-टाइम में मिलती रहे और संचालन से जुड़े निर्णय तुरंत लिए जा सकें.

2. जलभराव की स्थिति में यात्री सुविधाएं प्रभावित न हों, इसके लिए बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ा दी गई है, जिससे यात्री आसानी से और बिना देरी के सफर कर सकें.

3. प्रत्येक स्टेशन पर कम से कम 64 हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे 24७7 निगरानी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है.

4. किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए बीएमसी आपदा प्रबंधन दल द्वारा उपयोग के लिए एक विशेष इमरजेंसी कोच स्टैंडबाय पर रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर जरूरी संसाधनों की तुरंत आवाजाही हो सके.

5. सभी 30 स्टेशनों और चारकोप डिपो पर डीजी सेट, यूपीएस सिस्टम, लाइटनिंग अरेस्टर, अर्थिंग सिस्टम और डिवॉटरिंग पंप्स की सख्त जांच और परीक्षण किए गए हैं, ताकि मानसून में इनकी पूरी कार्यक्षमता बनी रहे.

6. सभी 34 मेट्रो ट्रेनों पर वॉटरप्रूफिंग की व्यापक जांच की गई है, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार का रिसाव न हो और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा अनुभव मिल सके.

7. 35 किलोमीटर के पूरे वायाडक्ट की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है, जिसमें रूफ गटर, रेनवॉटर डाउनटेक पाइप, सॉसर ड्रेन, मीडियन चेंबर और सीवर लाइन जैसी संरचनाएं शामिल हैं. यह सफाई सभी 30 स्टेशनों पर पूरी की गई है.

8. 759 से अधिक इलेक्ट्रिकल इंसुलेटर, तीन रिसीविंग सबस्टेशनों (आरएसएस) से फीडिंग पोस्ट तक के 25 केवी केबल, ट्रान्सफॉर्मर बशिंग्स, सीटी, पीटी, लाइटनिंग अरेस्टर, न्यूट्रल आइसोलेटर और 34 स्विचगियर यूनिट्स में मौजूद हीटर की समय पर देखरेख और जांच पूरी कर ली गई है.

# मुंबई : तुर्की कंपनी की रोबोटिक वाटर रेस्क्यू मशीन का ठेका रद्द करने का फैसला



**मुंबई:** महानगरपालिका की दमकल टीम मुंबई के छह समुद्री चौराहों पर डूबते लोगों को बचाने के लिए तुर्की की कंपनी की ओर से बनाई रोबोटिक वाटर रेस्क्यू मशीन तैनात करने वाली थी। हालांकि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की मदद करने वाले तुर्की का जहां कई स्तरों पर बहिष्कार किया जा रहा है। वहीं महानगरपालिका की ओर से लिए गए इस फैसले की हर तरफ आलोचना हो रही है। इसलिए देर से जागी महानगरपालिका ने इस मशीन का ठेका रद्द करने का फैसला किया है।

**क्यों जरूरी थी ये मशीन ?**

दरअसल गिरगांव चौपाटी, दादर शिवाजी पार्क, जुहू, वसोर्वा, अक्सा और गोराई चौपाटी मुंबई महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन चौराहों पर फिलहाल 111 लाइफगार्ड तैनात हैं। अक्सर इन चौराहों पर डूबने और मौत की घटनाएं होती रहती हैं या फिर लाइफगार्ड की मदद से कुछ लोगों को बचाया भी जाता है। हालांकि, मुंबई दमकल टीम ने लाइफगार्ड के साथ रोबोटिक रेस्क्यू मशीन की मदद लेने का फैसला किया था। छह चौराहों पर ऐसे छह रोबोट तैनात किए जाने थे और इन्हें रिमोट से संचालित किया जाना था। इसके लिए महानगरपालिका ने टेंडर आमंत्रित किए थे। दो कंपनियों ने आवेदन किया था। इनमें से एक का चयन किया गया।

**क्यों ठेका किया गया कैंसल ?**

चयनित कंपनी स्विटजरलैंड की है और उससे तुर्की में निर्मित रोबोटिक रेस्क्यू मशीन खरीदी जानी थी, जिसके दोनों तरफ पानी के जेट लगे होंगे और 10 हजार एमएएच की क्षमता वाली रिचार्जेबल बैटरी होगी। हालांकि बीजेपी और शिवसेना (यूबीटी) ने इसका विरोध करते हुए मांग की थी कि इसे तुर्की से न खरीदा जाए। जिसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तान की मदद की थी। अंत में नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना के लिए दिए गए ठेके को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। अब रोबोटिक रेस्क्यू मशीन की खरीद के लिए फिर से टेंडर निकाला जाएगा।

**बीजेपी ने उठाई ये मांग**

पूर्व बीजेपी नगरसेवक भालचंद्र शिरसाट ने मांग की कि मुंबई नगर निगम को मेक इन इंडिया के तहत रोबोटिक रेस्क्यू मशीन खरीदनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नगर निगम ने पहले इस बारे में क्यों नहीं सोचा और कहा कि नगर निगम को अब से ऐसी कोई भी प्रणाली खरीदते समय 'मेक इन इंडिया' पर ध्यान देना चाहिए।

# भिवंडी: डकैती की योजना बनाने से पहले चार डकैत गिरफ्तार



**भिवंडी:** शांतिनगर पुलिस ने भिवंडी में डकैती की योजना बनाने से पहले चार डकैतों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक चाकू, एक लोहे की रॉड, चार देसी रिवॉल्वर, एक रस्सी, तीन मास्क, मिर्च पाउडर और एक बीएमडब्ल्यू कार जब्त की। आरोपियों की पहचान सोएब शहीद शेख (23), नौशाद मकसूद आलम खान (22) और आफताब अफसर शेख (21) के रूप में हुई है, जो सभी बिहार के निवासी हैं, जबकि शहाबुद्दीन अंसारी (20) भिवंडी का निवासी है। अधिकारियों के अनुसार, 31 मई को शांतिनगर इलाके से शानदार मार्केट तक एक गश्ती दल ड्यूटी पर था।

पुलिस कांस्टेबल प्रशांत बारवे को सूचना मिली कि भिवंडी के शानदार मार्केट में एक सुनसान जगह पर खड़ी बीएमडब्ल्यू कार में चार से पांच लोग बैठे हैं और उनके पास हथियार हैं। बारवे ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जो उस स्थान पर पहुंचे। संदिग्धों से पूछताछ करने पर, पुलिस को आमतौर पर डकैती के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार और अन्य उपकरण मिले। जब्त की गई वस्तुओं में एक कार, देसी रिवॉल्वर, एक लोहे की रॉड, एक चाकू और अन्य सामान शामिल हैं, जिनकी कीमत ₹17 लाख से अधिक है।

# मुंबई: आर सिटी मॉल में 38 वर्षीय व्यक्ति ने तीसरी मंजिल से कूदकर दे दी जान

**मुंबई:** घाटकोपर पश्चिम के आर सिटी मॉल में आज सुबह एक दुखद घटना सामने आई, जहां दीपक जोशी नामक 38 वर्षीय व्यक्ति ने मॉल की तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। पार्कसाइट पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली है और आगे की जांच कर रही है।




पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना दोपहर में हुई, जिससे मॉल में मौजूद दुकानदारों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। दीपक जोशी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। इसी तनाव के चलते वे सोमवार दोपहर को आरसीटी मॉल पहुंचे। मॉल में कुछ देर टहलने के बाद वे तीसरी मंजिल पर गए और कूद गए। गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं को तुरंत सतर्क कर दिया गया।

# मुंबई: चाकू दिखाकर बांद्रा-जयपुर एक्सप्रेस में 7.03 लाख रुपये की लूट...

**मुंबई:** बांद्रा-जयपुर एक्सप्रेस (12980) में एक पेट्रोल पंप मालिक को लूट लिया गया। चार सदस्यीय गिरोह ने चाकू दिखाकर उससे 1.5 लाख रुपये नकद, 4,500 सऊदी रियाल (1.03 लाख रुपये की कीमत) और पांच तोला सोना लूट लिया, जिनकी कुल कीमत 7.03 लाख रुपये है। घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई और गिरोह गोरेगांव और जोगेश्वरी स्टेशनों के बीच ट्रेन से भाग गया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, जोगेश्वरी पश्चिम निवासी




36 वर्षीय अयूब पूसे खान, मुंबई में सिविल वर्क्स का व्यवसाय करते हैं और राजस्थान में एक पेट्रोल पंप के मालिक हैं।

उनकी पत्नी और दो बच्चे - 11 वर्षीय बेटा और 6 वर्षीय बेटी - अप्रैल में गर्मी की छुट्टी मनाने के लिए अपने पैतृक स्थान, राजस्थान के फतेहपुर गए थे। खान उन्हें वापस लाने के लिए 20 मई को फतेहपुर गए थे। 30 मई को खान और उनके परिवार ने बांद्रा-जयपुर एक्सप्रेस से अपनी वापसी की यात्रा शुरू की, आरक्षित कोच अ1 में यात्रा की। ट्रेन जयपुर से रात 8.20 बजे रवाना हुई। 31 मई को खान वॉशरूम गए। इस दौरान, एक अज्ञात व्यक्ति उनकी पत्नी हिना खान के पास आया और उन्हें बताया कि अंधेरी स्टेशन आ रहा है, और उन्हें अपना सामान कोच के दरवाजे पर लाने के लिए कहा। परिवार के पास चार ट्रॉली बैग और एक कार्डबोर्ड कार्टन था। खान अपनी सीट पर वापस आने के बाद, उन्होंने उस व्यक्ति की मदद से सामान को दरवाजे की ओर ले जाना शुरू किया।

# बुलढाना : गांव की जिला परिषद स्कूल में बच्चों को जो पढ़ाएगा उसके घर का टैक्स और पानी टैक्स ग्रामपंचायत भरेगी



**बुलढाना :** महाराष्ट्र के बुलढाना जिले की एक ग्रामपंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया. जिसमें लिखा गया है कि गांव की जिला परिषद स्कूल में बच्चों को जो पढ़ाएगा उसके घर का टैक्स और पानी टैक्स ग्रामपंचायत भरेगी. इस ऐतिहासिक प्रस्ताव की चर्चा जिले में हो रही है. जिले के भडगाव (मायंबा) ग्रामपंचायत में एक सराहनीय कदम उठाया है, ग्रामपंचायत ने जो प्रस्ताव पारित किया है उसमें कहा गया है कि, गांव के जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों के घरों का पानी का टैक्स और घर का टैक्स ग्रामपंचायत कार्यालय भरेगा.

**कब लिया गया फैसला**

भडगाव (मायंबा) ग्रामपंचायत के सभी सदस्यों और गांव के लोगों ने बीते 24 अप्रैल को मीटिंग ली थी. जिसमें चर्चा की गई की, गांव के जिला परिषद स्कूल में जो अपने बच्चों का एडमिशन करवाएगा उसके घर का टैक्स और पानी का टैक्स माफ किया जाएगा. जिससे जिला परिषद स्कूल में जो विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है वह भी बढ़ेगी. इस प्रस्ताव पर सबने अपनी सहमति दर्शाने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया.

ग्रामपंचायत महिला सरपंच और सचिव ने कहा कि गांव के निजी स्कूल में बच्चों की संख्या देख विचार आया कि जिला परिषद की स्कूल में भी विद्यार्थियों की संख्या बढ़े, जिसके चलते घर टैक्स और पानी टैक्स माफ करने का प्रस्ताव लिया गया. गांव में रहने वाले लेकिन दूसरे जिले पर सरकारी स्कूल के शिक्षक ने कहा कि ग्रामपंचायत द्वारा लिया गया निर्णय स्वागत करने लायक है. इसका अनुसरण बाकी ग्रामपंचायतों ने भी करना चाहिए और जिला परिषद की स्कूलों को बचाना चाहिए. सभी ने अगर जिला परिषद की स्कूलों पर ध्यान दिया तो फिर से पुराने दिन जिला परिषद स्कूलों के लौट आएंगे.

**कितने बच्चे पढ़ते हैं**

भडगाव (मायंबा) गांव में जो जिला परिषद की जो प्राथमिक स्कूल है उसमें कक्षा 1 से 4 थी तक क्लास है और चारों क्लास में बीते सेशन में 28 विद्यार्थी थे, अब ग्रामपंचायत के इस निर्णय का फायदा कितने बच्चों के माता - पिता लेते हैं यह तो आने वाला समय बताएगा, लेकिन पता चला है कि 29 विद्यार्थियों के परिजनों ने जिला परिषद स्कूल में एडमिशन लेने की सहमति दिखाई है.

# मुंबई : जेप्टो का बयान; कमियों को सुधारने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं




**मुंबई :** एफडीए ने जेप्टो के धारावी में स्थित केंद्र में भारी अनियमितताएं और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पायीं. एफडीए ने पाया कि जेप्टो के कई फूड आइटम धारावी में ऐसे स्टोर में रखे गए थे, जहां पूरी रोशनी नहीं थी और फूड आइटम पर फंगस लगी हुई थी। साथ ही फूड आइटम को ऐसी जगहों पर रखा गया था, जहां पानी रुका हुआ था। महाराष्ट्र सरकार के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित करने पर अब कंपनी की सफाई आई है। जेप्टो ने बयान जारी कर कहा है कि वे अपनी कमियों को सुधारने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दरअसल स्वच्छता संबंधी शिकायतों के बाद एफडीए ने जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया था।

**जेप्टो ने जारी किया बयान**

अब कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि 'हम अपने कमियों को सुधारने और अपने उपभोक्ताओं को बेहतर और सबसे सुरक्षित गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जल्द से जल्द विनियामक दायित्वों और कानूनों के अनुसार परिचालन फिर से शुरू करने के लिए सभी जरूरी सुधारात्मक उपाय कर रहे हैं। हमने पहले ही एक आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है और शर्तों के अनुपालन के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'

एफडीए ने जेप्टो के धारावी में स्थित केंद्र में भारी अनियमितताएं और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पायीं। एफडीए ने पाया कि जेप्टो के कई फूड आइटम धारावी में ऐसे स्टोर में रखे गए थे, जहां पूरी रोशनी नहीं थी और फूड आइटम पर फंगस लगी हुई थी। साथ ही फूड आइटम को ऐसी जगहों पर रखा गया था, जहां पानी रुका हुआ था। एफडीए का कहना है कि जिन कोल्ड स्टोर में सामान रखा था, वहां तापमान भी नियमों के मुताबिक नहीं था और एक्सपायर फूड आइटम को नॉन-एक्सपायर फूड आइटम से अलग नहीं रखा गया था। भारी अनियमितताओं और नियमों का पालन न होने पर जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया था। महाराष्ट्र एफडीए के आयुक्त राजेश नार्वेकर ने कहा है कि 'जेप्टो को नोटिस दिया गया है। उन्हें नोटिस में उल्लेखित कुछ पैरामीटर्स का पालन करने को कहा गया है। जब वे पैरामीटर्स का पालन कर लेंगे तो हम उसकी जांच करेंगे और संतुष्ट होने पर ही लाइसेंस फिर से जारी किया जाएगा। अगर पालन नहीं होगा तो लाइसेंस का निलंबन जारी रहेगा।' नार्वेकर ने कहा कि अन्य ई-कॉमर्स ऑपरेटर्स की भी जांच की जाएगी।

# केईएम अस्पताल में फिर से बाढ़ न आए... उपाय करने का आदेश




**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में बृहन्मुंबई नगर निगम को शहर में नागरिक-संचालित किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में फिर से बाढ़ न आए यह सुनिश्चित करने के लिए उपचारात्मक उपाय करने का आदेश दिया। जस्टिस गौरी गोडसे और जस्टिस सोमशेखर सुंदरसन की अवकाशकालीन खंडपीठ ने मुंबई के परेल क्षेत्र में नागरिक-संचालित प्रमुख अस्पताल केईएम अस्पताल में अचानक आई बाढ़ के कारण मेडिकल सुविधाओं के बारे में चिंता जताई, जिसमें मरीजों के टखने तक गहरे पानी में बैठे होने की खबरें थीं।

''एमिक्स क्यूरी ने केईएम अस्पताल में बारिश के पानी की बाढ़ की रिपोर्ट करने वाले प्रासंगिक लेखों के प्रिंटआउट रिकॉर्ड पर रखे हैं, जिसमें मरीज टखने तक गहरे पानी में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के प्रिंटआउट रिकॉर्ड पर लिए गए हैं।'' खंडपीठ के निर्देश के बाद केईएम अस्पताल के सहायक डीन मनोज तेलकटवार द्वारा निर्देशित अतिरिक्त सरकारी वकील प्रियभूषण काकड़े ने कहा कि अस्पताल को बारिश के पानी के कारण ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा।

# मुंबई : किसी सोसाइटी में जबरदस्ती बकरा काटा गया, तो सरकार कार्रवाई करेगी - नितेश राणे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी सोसाइटी में जबरदस्ती बकरा काटा गया, तो हमारी हिंदुत्व सरकार उसके खिलाफ जरूर कार्रवाई करेगी. यह किसी के अब्बा का पाकिस्तान नहीं है. यह हमारा हिंदू राष्ट्र है, यहां शरीया कानून लागू नहीं है. सपा विधायक अबू आजमी ने कहा कि कुर्बानी देना हमारा अधिकार है. इस पर उन्होंने कहा, ''क्या पटाखे फोड़ना हमारा अधिकार नहीं है? होली खेलना हमारा अधिकार नहीं है? यदि हम भी जबरदस्ती करने लगें तो? हमें होली खेलने से क्यों रोका जाता है? हमें पटाखे फोड़ने से क्यों रोका जाता है? जब भी कोई हिंदू त्योहार आता है, ये लोग कोई न कोई मुद्दा खड़ा करके त्योहार मनाने से रोकने की कोशिश करते हैं.''

**'हमें फोकट में सलाह दी जाती है'**

नितेश राणे ने कहा, ''जब हमारा हिंदू त्योहार आता है, होली पर हमें फोकट में सलाह दी जाती है कि ड्राई होली मनाओ, पर्यावरण के अनुकूल होली मनाओ. जब हमारी दीवाली आती है, तो कहा जाता है कि पटाखे मत फोड़ो, इससे पर्यावरण को नुकसान होता है. अब वही लोग, जो हमें फोकट की सलाह देते हैं, बकरीद के समय क्यों नहीं कहते कि पर्यावरण के अनुकूल बकरीद मनाओ? क्यों नहीं कहते कि 'वर्चुअल बकरा काटो'? ऐसा क्यों नहीं कहा जाता? मुस्लिम समाज मिलकर ऐसा क्यों नहीं सोचता कि इस त्योहार में हजारों बकरे काटे जाते हैं, चलो हम इस बार पर्यावरण के अनुकूल बकरीद मनाते हैं?''

**'बकरे काटने की अनुमति क्यों दी जाती है?'**

इसके आगे उन्होंने कहा, ''कहां गए वे पशु प्रेमी, जो हिंदुओं को सलाह देते हैं? यदि मुस्लिम समाज इस प्रकार की पहल करे, तो इससे बड़ा फर्क पड़ेगा. जो नियम हिंदू त्योहारों पर लागू होते हैं, वही नियम बकरीद पर क्यों नहीं लागू होते? बकरे काटने की अनुमति क्यों दी जाती है?''

**'हम सभी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के अनुसार...'**

मंत्री ने ये भी कहा, ''जब हमें कहा जाता है कि ड्राई होली मनाओ, तो हम रंग नहीं लगाते. जब कहा जाता है कि 10 बजे के बाद पटाखे मत फोड़ो, तो हम नहीं फोड़ते. हम सभी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के अनुसार चल रहे हैं, शरीया कानून के अनुसार नहीं. जो नियम हम हिंदू मानते हैं, वही नियम मुस्लिम समाज क्यों नहीं मानता? यही मेरा सवाल है.''

# मुंबई : हमारी कुर्बानी से किसी को तकलीफ नहीं हो; देश में भाईचारा बना कर रखना चाहिए - प्यारे खान



**मुंबई :** बकरीद पर कुर्बानी का कई हिंदू संगठन विरोध कर रहे हैं. इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बैठक करेंगे. इस बैठक के एजेंडे में कानून-व्यवस्था शामिल है. इस दौरान महाराष्ट्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे. इस बीच महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कुर्बानी पर कहा कि इस्लामी सिद्धांतों का पालन करना चाहिए. इस साल 7 जून को बकरीद मनाया जाएगा.

उन्होंने कहा, ''वाद-विवाद तो बिल्कुल नहीं होना चाहिए. देश में भाईचारा बना कर रखना चाहिए. हमें हजरत इब्राहिम अली सलाम की अवधारणा का पालन करना चाहिए. हमारी कुर्बानी से किसी को तकलीफ नहीं हो. तभी जाकर हमारी कुर्बानी को अल्लाह स्वीकार करेंगे.''

**हमें नियमों का पालन करना चाहि- प्यारे खान**

प्यारे खान ने कहा, ''हम लोगों से कहेंगे कि जहां अनुमति है, वहां करें, नहीं है तो वहां नहीं करें. इससे समाज में देश में कोई वाद विवाद नहीं होगा. अल्लाह ने फरमाया है कि जहां रहते हैं, जिस देश-राज्य में रहते हैं वहां के नियम का पालन करना है. हमारे महाराष्ट्र में गौवंश पर पाबंदी है. तो बिल्कुल भी कुर्बानी नहीं देनी चाहिए.'' बता दें कि मुंबई के हाउसिंग सोसाइटी में कुर्बानी को लेकर विवाद होता रहा है. वहीं देवनार बकरा मंडी को लेकर भी विपक्षी पार्टी का कहना है कि यहां सरकार ने सुविधा नहीं दी है. कांग्रेस के नेता आज देवनार का जायजा लेंगे. इसको लेकर बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस सिर्फ मुस्लिम प्रेमी है, इसलिए अपना प्रेम जाहिर करने पहुंच रही है.

**अबू आजमी लगातार कर रहे देवनार बकरा मंडी का दौरा**

सपा विधायक अबू आजमी ने कहा कि देवनार बकरा मंडी में आए महादेव हों या परवेज – तकलीफें सबकी एक जैसी हैं. हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश. हमारी मांग है कि सरकार, मुंबई महानगरपालिका और मुंबई पुलिस निष्पक्ष रहें और तुरंत कार्यवाही करें.

# मुंबई: शिवाजी पार्क मैदान में घास के बीज बोने की मई की समयसीमा से चूक गई बीएमसी



**मुंबई:** बीएमसी दादर के शिवाजी पार्क मैदान में घास के बीज बोने की मई की समयसीमा से चूक गई है, जिसे महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दीर्घकालिक उपाय के रूप में मैदान पर हरे लॉन विकसित करने की योजना के हिस्से के रूप में निर्देशित किया था। बीएमसी के पर्यावरण विभाग ने काम के लिए जी-नॉर्थ वार्ड कार्यालय को 80 लाख रुपये की धनराशि भी मंजूर की है। ''समयबद्ध काम के लिए एमपीसीबी के निर्देशों और स्वीकृत धनराशि के बावजूद, किसी भी काम के कोई संकेत नहीं हैं। बीएमसी को अप्रैल तक एमपीसीबी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी।

हम कई बार वार्ड कार्यालय से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन कोई अपडेट नहीं है,'' वैभव रेगे, एएमएल शिवाजी पार्क निवासी ने कहा। रेगे ने कहा, ''एमपीसीबी ने यह भी कहा था कि अगर काम नहीं किया जाता है, तो बीएमसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।'' मई की समयसीमा चूकने के बाद, बीएमसी अब कहती है कि काम अगले सप्ताह किया जाएगा। जी-नॉर्थ वार्ड के एक अधिकारी ने बताया, ''हरित क्षेत्रों में घास लगाने का ट्रायल मई के आखिरी सप्ताह में होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण काम रुक गया। एमपीसीबी के निर्देशानुसार हमने आईआईटी बॉम्बे से भी सलाह ली है।'' अधिकारी ने बताया, ''हमें मानसून के जल्दी आने की उम्मीद नहीं थी। हालांकि, इसमें देरी हो रही है, लेकिन अगर अब घास लगाई जाती है, तो मानसून में इसके बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल होगा। हमारे पास समय की कमी नहीं है।''

# मुंबई: केईएम अस्पताल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज




**मुंबई:** मुंबई के सरकारी केईएम अस्पताल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला उसी संस्थान के एक सहायक प्रोफेसर की पत्नी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। भोईवाड़ा पुलिस ने बीएनएस और पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

एफआईआर के अनुसार, आरोपी डॉक्टर ने कथित तौर पर 2022 से 2025 के बीच शिकायतकर्ता - जो खुद एक डॉक्टर है - और उसकी दो नाबालिग बेटियों के साथ छेड़छाड़ की। शिकायतकर्ता का पति केईएम अस्पताल में एसोसिएट प्रोफेसर है और उसके और आरोपी के बीच लंबे समय से पेशेवर विवाद चल रहा था।

# मुंबई : 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन




**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज के उद्घाटन का मुहूर्त निकाल लिया है। गुरुवार, 5 जून को इगतपुरी से ठाणे तक बने समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा। अंतिम फेज के खुलने से वाहन कम समय में मुंबई से नागपुर आ-जा सकेंगे। समृद्धि के अंतिम के 76 किमी के मार्ग का निर्माण कार्य करीब एक महीने पहले ही पूरा कर लिया गया है। लेकिन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हाइवे का उद्घाटन कराना चाहती थी। इस वजह से निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी अंतिम फेज को वाहनों के लिए खोला नहीं जा रहा था।

**कब होगा उद्घाटन?**

प्रधानमंत्री की ओर से समय न मिल पाने के बाद सरकार ने अब बिना उनकी उपस्थिति के इसे चालू करने का फैसला किया है। टरफ्छ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा।

**फिलहाल 625 किमी के मार्ग पर आवाजाही**

मुंबई से नागपुर के बीच 701 किमी लंबा हाइवे तैयार किया गया है। अब तक 701 किमी में से अब तक 625 किमी के मार्ग पर वाहनों के लिए खोल दिया गया है। 11 दिसंबर 2022 को नागपुर से शिर्डी के बीच 520 किमी हाइवे को खोला गया था। दूसरे फेज के तहत शिर्डी से भरवीर के 80 किमी के मार्ग और पिछले साल तीसरे फेज में भरवीर से इगतपुरी के बीच के 25 किमी मार्ग को खोला गया था।

**अब सिर्फ 7 घंटे में पूरा सफर**

पूरे हाइवे के खुलने से मुंबई से नागपुर का सफर केवल 7 से 8 घंटे में पूरा हो सकेगा। वहीं, हाइवे बनने से मुंबई से नासिक और शिर्डी जाने वाले भक्तों का भी सफर आसान होगा। मौजूदा समय में भक्तों को मुंबई से शिर्डी पहुंचने में 7 से 8 घंटे का समय लगता था, वहीं, अब यह सफर करीब 5 घंटे में पूरा हो सकेगा। समृद्धि महामार्ग को मुंबई के करीब तक लाने के लिए भिवंडी और ठाणे के नेशनल हाइवे की सड़क को चौड़ा किया जा रहा है।

# तीन मासूम भाई-बहन खेत के तालाब में डूब गए...



**जालना :** महाराष्ट्र के जालना जिले के जाफराबाद तालुका के वरुद गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें तीन मासूम भाई-बहन खेत के तालाब में डूब गए। मृतक बच्चों की पहचान यश अनिल जोशी (14 वर्ष), दीपाली रमन जोशी (9 वर्ष) और रोहन रमन जोशी (7 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना का पता मंगलवार सुबह तब चला जब गांव के कोनाड शिवरा में खेत के तालाब में बच्चों के शव मिले। जानकारी के अनुसार, ये तीनों बच्चे सोमवार सुबह गांव के पास स्थित महादेव मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। जब वे देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने बच्चों की तलाश शुरू कर दी। परिजनों ने जाफराबाद थाने में सूचना देकर बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई। रात भर तलाश के बाद मंगलवार सुबह खेतों में काम कर रहे किसानों ने तालाब में बच्चों के शव देखे और तुरंत इसकी सूचना दी। शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# मुंबई: आषाढ़ी वारी पालकी समारोह 2025 के लिए कमर कस रहा है स्वास्थ्य विभाग

**मुंबई:** स्वास्थ्य विभाग आगामी आषाढ़ी वारी पालकी समारोह 2025 के लिए कमर कस रहा है। संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ आने वाले हजारों वारकरियों के लिए एक सुगम और सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं।

पुणे के स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशक डॉ राधाकिशन पवार और जिला परिषद पुणे के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन देसाई ने 31 मई, 2025 को दोनों पालकी मार्गों पर स्थित प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों का व्यापक क्षेत्र निरीक्षण किया। निरीक्षण में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा तत्परता, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और कर्मचारियों की तैनाती पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# नागपुर : सिम कार्ड को अनधिकृत तरीके से निष्क्रिय कर दिए जाने के बाद उसे 10 लाख रुपये का नुकसान



**नागपुर :** 52 वर्षीय एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उसके सिम कार्ड को अनधिकृत तरीके से निष्क्रिय कर दिए जाने के बाद उसे 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस के अनुसार, नागपुर निवासी ने देखा कि उसके फोन पर कोई नेटवर्क नहीं था; इसलिए, उसके बेटे ने डिवाइस पर इंटरनेट सक्रिय करने के लिए अपने फोन के हॉटस्पॉट का उपयोग किया।

जैसे ही सिग्नल वापस आया, शिकायतकर्ता धोखाधड़ी वाले लेनदेन के बारे में संदेश प्राप्त करके चौंक गया।

उसने बैंक का दौरा किया और पता चला कि उसके खाते से चार लेन-देन में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद वह व्यक्ति फोन गैलरी में गया, जहाँ उसे बताया गया कि उसका सिम कार्ड निष्क्रिय कर दिया गया था और उसी नंबर को किसी और को जारी कर दिया गया था।

# मुंबई : देशभक्ति और अनुशासन के लिए महाराष्ट्र सरकार की पहल, कक्षा एक से छात्रों को दी जाएगी सैन्य शिक्षा

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने देशभक्ति और अनुशासन की भावना बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब राज्य के स्कूलों में कक्षा 1 से ही छात्रों को बुनियादी सैन्य शिक्षा दी जाएगी। महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भूसे ने घोषणा की है कि राज्य सरकार छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 1 से बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण शुरू करेगी। मंत्री भूसे ने बताया कि इस पहल के तहत छात्रों को सैन्य अनुशासन, व्यायाम और राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों की सेवाएं ली जाएंगी, ताकि बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रेरणा मिल सके।

भूसे ने कहा, ''कक्षा 1 से छात्रों को बुनियादी स्तर की सैन्य ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया गया है। इससे छात्रों में देश के प्रति प्रेम पैदा होगा, नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने और अनुशासन जैसी आदतों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छात्रों को लाभ होगा।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना मंत्री ने कहा कि प्रस्ताव को लागू करने के लिए खेल शिक्षकों, राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काउट और गाइड के साथ 2.5 लाख पूर्व सैनिकों की मदद ली जाएगी।

# राहुल गांधी के दौरे से पहले हरियाणा कांग्रेस में हलचल, शमशेर सिंह गोगी का तीखा बयान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 4 जून को चंडीगढ़ दौरे से पहले हरियाणा कांग्रेस में अंदरूनी हलचल तेज हो गई है। पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने संगठनात्मक मुद्दों को लेकर बड़ा बयान देते हुए पार्टी के भीतर की खींचतान पर खुलकर नाराजगी जताई है।



गोगी ने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में हरियाणा कांग्रेस के संगठन को मज़बूत किया जा रहा है, लेकिन अगर ज़िम्मेदार पदों पर गलत लोगों को बैठाया गया तो संगठन को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, अगर दूध की रखवाली के लिए बिल्ली को बिठा दोगे तो दूध थोड़ी बचेगा? उनके इस बयान को कांग्रेस के कुछ नेताओं पर परोक्ष हमला माना जा रहा है। गोगी ने ज़ोर देकर कहा कि जिलाध्यक्ष जैसे पदों पर उन्हीं लोगों को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जो सच्चे कांग्रेसी हों, न कि वे जो अपने निजी स्वार्थ या रिश्तेदारी को प्राथमिकता दें। उनका यह बयान आगामी संगठनात्मक बैठकों से पहले पार्टी के लिए एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

उन्होंने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के उस बयान का भी समर्थन किया जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपने साथ हुई अन्यायपूर्ण स्थिति की बात कही थी। गोगी ने कहा, अगर सैलजा को साथ लिया गया होता तो आज हरियाणा में बीजेपी की सरकार नहीं होती। कांग्रेस, कांग्रेस से ही हारी है। गोगी ने राहुल गांधी के उस बयान को भी याद किया जिसमें उन्होंने पार्टी में स्लीपर सेल की बात कही थी। उन्होंने कहा कि वे राहुल गांधी के विचारों का पूरी तरह समर्थन करते हैं और आशा है कि इस बार संगठन मज़बूती से खड़ा किया जाएगा।

राहुल गांधी के दौरे से पहले ही हरियाणा कांग्रेस के भीतर संगठनात्मक फेरबदल को लेकर चर्चाएं और बयानबाज़ी तेज हो चुकी है। अब 4 जून की बैठक पर सबकी निगाहें टिकी हैं कि क्या कोई बड़ा फैसला होता है या फिर यह आंतरिक खींचतान आगे भी यूं ही जारी रहेगी।

# चिराग ने बिहार की राजनीति में लौटने के दिए संकेत, लेकिन मैं सीएम पद की रेस में नहीं

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग ने दो टूक कहा कि मैं खुद को लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में नहीं देखता। मेरा पहला और आखिरी लक्ष्य बिहार को विकसित राज्यों की पंक्ति में लाना है और यहां दिल्ली में रहकर कभी संभव नहीं हो सकता है।'



दरअसल चिराग ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वे जल्द ही बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं और इस बाबत पार्टी से अपनी मंशा जाहिर भी कर चुके हैं। तीसरी बार लोकसभा सांसद बनने चिराग का यह रुख उनके राजनीतिक सफर में एक रणनीतिक बदलाव का संकेत है। उन्होंने साफ किया, 'मेरा विजन हमेशा 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' रहा है। मैं चाहता हूं कि बिहार भी गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के बराबर विकास करे। इसके लिए जमीन पर रहकर काम करना होगा, न कि केवल संसद में बैठकर।' चिराग ने कहा कि पार्टी इस पर मंथन कर रही है कि यदि वे विधानसभा चुनाव लड़ते हैं, तब क्या इससे पार्टी और गठबंधन को रणनीतिक रूप से लाभ होगा। उन्होंने जोड़ा, 'अगर मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर हुआ, जो मुझे लगता है कि होगा, तब मैं ज़रूर चुनाव लड़ूंगा।' हालांकि, चिराग ने दो टूक कहा कि सीएम पद की दौड़ में वे नहीं हैं, और चुनाव के बाद नीतीश के फिर से मुख्यमंत्री बनने की संभावना को नकार नहीं सकते है। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने चिराग के चुनाव लड़ने की मांग को 'जमीनी कार्यकर्ताओं की सामूहिक इच्छा' बता दिया। उन्होंने लिखा, गांव-गांव में कार्यकर्ताओं और आम लोगों की एक ही आवाज थी, चिराग को अब बिहार की बागडोर संभालनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ कि चिराग को इस बार सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे केवल किसी एक वर्ग नहीं, बल्कि पूरे बिहार का प्रतिनिधित्व करने को तैयार हैं। सांसद भारती के अनुसार, 'आज चिराग सिर्फ एक नेता नहीं, बिहार की नई पीढ़ी की उम्मीद हैं। उनका चुनाव लड़ना सिर्फ सीट जीतने का सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की राजनीति को एक नई दिशा देने का प्रयास होगा।'

## पाकिस्तान की भाषा बोलते और चीन से चंदा लेते हैं राहुल गांधी : सिरसा

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार तंज कसा । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलकर चीन से चंदा लेते हैं । दिल्ली सरकार में मंत्री सिरसा ने राहुल गांधी के साथ कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के नक्शेकदम पर चल रहे हैं । पाकिस्तान जो सवाल पूछता है, वहीं सवाल राहुल पूछते हैं । राहुल गांधी की ओर से पूछे गए सवाल पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर चलाते हैं ।

मंत्री सिरसा ने कहा कि देश की जनता देख रही है कि राहुल गांधी देश के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मन में कुछ और ही चल रहा है ।

दिल्ली की भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मंत्री सिरसा ने कहा कि आज हम विभिन्न स्थानों पर नई सड़कों, सीवेज लाइनों और पेयजल आपूर्ति पर काम शुरू करने जा रहे हैं । बीते 100 दिनों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बहुत मेहनत की है । पूर्व की आप सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान सिर्फ बहाने बनाए गए हैं । हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, जिससे हमें निपटना है । इसकारण दिल्ली में काम करने वाली सरकार आई है, बहाना बनाने वाली सरकार नहीं ।

# शिरडी संस्थान के कर्मचारी के खिलाफ दान का पैसा चुराने का मामला दर्ज

**शिरडी (एजेंसी)।** शिरडी साईं संस्थान के एक कर्मचारी द्वारा साईं भक्तों द्वारा दान की गई रकम चुराने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि साईं संस्थान के अकाउंट विभाग में कार्यरत एक सिपाही ने दक्षिणा हुंडी में पैसे गिनते समय बड़ी मात्रा में नकदी चुरा ली। इस मामले में संस्थान की ओर से शिरडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है। आपको बता दें कि हर दिन देश-विदेश से हजारों साईं भक्त साईं बाबा के दर्शन के लिए शिरडी आते हैं। साईं बाबा के दर्शन के बाद साईं भक्त मंदिर और आसपास के क्षेत्र में लगी दक्षिणा हुंडी में श्रद्धापूर्वक दान करते हैं। साईं संस्थान सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार को साईं भक्तों द्वारा दिए गए दान की गिनती करता है। इन दान की गिनती का काम साईं संस्थान के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का होता है। शुक्रवार (25 अप्रैल, 2025) को जब कर्मचारी साईं भक्तों द्वारा दिए गए दान की गिनती कर रहे थे, तब अधिकारी सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे थे। गिनती विभाग के कर्मचारी बालासाहेब नारायण गोंडकर की कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखने को मिलने के बाद अधिकारियों ने पिछली गिनती के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तब पता चला कि लेखा विभाग में कार्यरत सिपाही




बालासाहेब नारायण गोंडकर ने 4 अप्रैल, 8 अप्रैल और 11 अप्रैल को गिनती के दौरान 500 रुपये के कुछ बंडलों को चालाकी से छिपा लिया। संस्थान के अनुमान के अनुसार, कुल 1.25 से 1.5 लाख रुपये की चोरी हुई। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर गोंडकर ने नोटों के बंडलों को अपनी जांघ के नीचे, अपने कपड़ों में और नोट गिनने वाली मशीन के पीछे छिपाते हुए देखा गया। जैसे ही यह संदेह पैदा हुआ, संस्थान के अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया। लेखा विभाग के सिपाही बालासाहेब गोंडकर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, संस्थान के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर के निर्देश पर संस्थान के लेखा अधिकारी अविनाश कुलकर्णी ने गोंडकर के खिलाफ शिरडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। आपको बता दें कि साईं भक्तों से प्राप्त दान का उपयोग संस्थान द्वारा शिरडी में विभिन्न विकास कार्यों और साईं भक्तों की सुविधाओं के लिए किया जाता है। साथ ही, दान से शिरडी और आसपास के क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लड़के-लड़कियों के लिए निःशुल्क स्कूल और कॉलेज चलाए जाते हैं और शिरडी में निःशुल्क साईनाथ अस्पताल भी चलाया जा रहा है। इस बीच आरोपी कर्मचारी बालासाहेब गोंडकर का एक्सीडेंट हुआ है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। शिरडी पुलिस ने कहा है कि अस्पताल से छुट्टी मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कड़ी सुरक्षा के बावजूद हुई चोरी

कुछ साल पहले एक कर्मचारी ने दान के पैसे चुरा लिए थे। उस समय उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और उसे निलंबित कर दिया गया था। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संस्थान द्वारा दान गिनती कक्ष में सीसीटीवी लगाया गया है। साथ ही, पैसे गिनने के लिए अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों को काम दिया जाता है। कर्मचारियों को बिना जेब वाले विशेष कपड़े दिए जाते हैं। साथ ही, पैसे गिनने के बाद जब कर्मचारी बाहर आते हैं तो सुरक्षा गार्ड उनकी जांच करते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद कर्मचारी गोंडकर ने पैसे चुराने का नया तरीका निकाल लिया।

# कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करें

**–शाह समेत केजरीवाल ने जताया दुख और की मदद की अपील**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 29 मई से शुरू हुई बारिश के बाद अब तक बाढ़ और संबंधित घटनाओं में कम से कम 34 लोगों की जान जा चुकी है। सबसे अधिक 10 मौतें असम में हुई हैं, जबकि अरुणाचल प्रदेश में 9, मेघालय व मिजोरम में 6-6, त्रिपुरा में 2 और नागालैंड में 1 व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। ऐसे हालात में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के लिए कहा है।



इस गंभीर स्थिति पर देश के प्रमुख नेताओं ने भी दुख व्यक्त करते हुए लोगों से राहत कार्यों में सहयोग की अपील की है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि असम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हुई मौतों का समाचार अत्यंत दुखद है। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ईश्वर सभी की रक्षा करें। केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभावितों की हरसंभव मदद करें।

### केजरीवाल ने संवेदना जता की अपील

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, देश के नॉर्थ-ईस्ट हिस्से में भारी बारिश और लैंडस्लाइड से हुई मौतें बेहद दुखद हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें। असम में मौजूद आप कार्यकर्ता राहत कार्यों में प्रशासन की मदद करें।

### गृह मंत्री शाह ने कहा- सरकार पीड़ितों की मदद कर रही

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से बात की और बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के भाइयों-बहनों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। किसी भी आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव मदद दे रही है। आपदाग्रस्त राज्यों की सरकारें और राहत एजेंसियां फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगी हैं। कई इलाकों में बिजली, पानी और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है।

# देश में अवैध रूप से रह रहे हजारों बांग्लादेशियों को वापस भेजा, कार्रवाई जारी

**–गुजरात, दिल्ली, हरियाणा के बाद अन्य राज्यों में भी शुरु होगा ऑपरेशन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बीते माह इस ऑपरेशन के शुरू होने के बाद से देश में अवैध रूप से रह रहे हजारों बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 2000 घुसपैठियों को सीमा पार भेजा जा चुका है और यह कार्रवाई जारी है। इस दौरान भारत बांग्लादेश बॉर्डर पर तनाव बढ़ने की खबरें भी सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारतीय अधिकारियों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से 2000 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को वापस उनके देश भेजा है।

अधिकारियों ने इससे पहले देश भर में सत्यापन भी शुरू किया है। सूत्रों ने बताया कि बड़ी कार्रवाई के बाद एक्शन से डर से 2000 से ज्यादा घुसपैठिए खुद बॉर्डर के पास पहुंचे हैं। रिपोर्ट में सरकारी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि यह प्रक्रिया लगातार जारी है। लोगों के दस्तावेजों की जांच कर उनके खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से इस प्रक्रिया में और तेजी आई है। गुजरात, दिल्ली और हरियाणा से इसकी शुरुआत हुई है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को वापस भेजा गया है उनमें से करीब आधे गुजरात के हैं। वहीं दिल्ली और हरियाणा से भी बड़ी संख्या में घुसपैठियों को वापस भेजा गया। इसके अलावा असम, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अब तक इस प्रक्रिया में बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) भी सहयोग कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक असम, त्रिपुरा और मेघालय जैसे राज्यों में प्रक्रिया तेजी से जारी है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया कि अलग-अलग राज्यों से पकड़े गए घुसपैठियों को भारतीय वायुसेना के विमानों के जरिए इंडिया-बांग्लादेश बॉर्डर पर लाया जा रहा है। इसके बाद इन्हें बीएसएफ को सौंप दिया जाता है, जो इन्हें अस्थाई शिविरों में रखते हैं। कुछ घंटों की हिरासत के बाद उन्हें सीमा के जरिए बांग्लादेश भेज दिया जाता है।



## संक्षिप्त

### पश्चिमी रूस में विस्फोट के कारण पुल ढहने की दो घटनाओं में पटरी से उतरी ट्रेन, सात लोगों की मौत

पश्चिमी रूस में विस्फोट से दो पुलों के ढहने की घटना में दो ट्रेन पटरी से उतर गई, जिनमें से एक हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि विस्फोट का कारण क्या था। सरकारी रूसी रेलवे ने बताया पहली घटना यूक्रेन की सीमा से सटे ब्रयान्स्क क्षेत्र



में शनिवार को हुई, जहां विस्फोट के बाद एक पुल ढहकर ट्रेन के ऊपर गिर गया। इस घटना में कई लोग हताहत हो गए। मरने वालों में ट्रेन का चालक भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ घंटों बाद पास के कुर्स्क क्षेत्र में पुल के ढह जाने से एक दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। यह हादसा भी यूक्रेन से सटे इलाके में हुआ। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने रविवार को बताया कि इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर नीचे सड़क पर आ गिरी। विस्फोट के कारण पुल ढह गया था। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। रूसी जांच समिति ने बताया कि दोनों पुल विस्फोटों से ढहे हैं। हालांकि कुछ घंटे बाद समिति ने अपने बयान से 'विस्फोट' शब्द हटा दिया और कोई कारण नहीं बताया। समिति ने इन घटनाओं को संभावित आतंकी गतिविधि मानते हुए जांच शुरू की है। ब्रयान्स्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने सोमवार से तीन दिन के शोक की घोषणा की है।

### पश्चिमी चीन में बाढ़ से दर्जनों घर और सड़कें क्षतिग्रस्त

दक्षिण–पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में आई भीषण बाढ़ ने दर्जनों घरों और सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। युन्नान के पहाड़ी नूजियांग लिसू स्वायत्त प्रांत में रविवार तक कुल 27 मकानों और 16 पुलों को आंशिक या पूरी तरह से नुकसान पहुंचा है। हालांकि अब तक किसी के हताहत, घायल या लापता होने की सूचना नहीं है। भूस्खलन और बाढ़ के कारण



डिक्विंग तिब्बती स्वायत्त प्रांत में सड़कों में आवागमन बाधित हो गया तथा घने कोहरे के कारण बचाव कार्य भी बाधित हुआ। बाढ़ के कारण प्रांत के मेरी स्नो माउंटेन दर्शनीय क्षेत्र से 300 पर्यटकों को बाहर निकालना पड़ा, जबकि सैकड़ों निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। आने वाले दिनों में और अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश ने अपनी करेंसी से हटाई शेख हसीना के पिता की फोटो

## बंगबंधु की जगह क्या युनूस लगावा रहे अपनी तस्वीर?

बांग्लादेश में नए करंसी नोट जारी किए गए। उससे बांग्लादेश के पहले प्रेजिडेंट शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर हटा दी गई है। वह शेख हसीना के पिता थे। पिछले साल 5 अगस्त को सत्ता से हटी हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में कई मुकदमे चलाए जा रहे हैं। बांग्लादेश के इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने हसीना के खिलाफ वॉरंट भी जारी किया था। नए नोटों में शेख मुजीबुर रहमान की फोटो की जगह बांग्लादेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक दृश्यों और पारंपरिक स्थलों को चित्रित किया गया है। अब तक बांग्लादेश के सभी बैंक नोटों पर शेख मुजीबुर रहमान की फोटो होती थी, जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाई थी, लेकिन चार साल बाद सैन्य तख्तापलट में




उनकी हत्या कर दी गई थी। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (प्ब्ज) ने पूर्व पीएम शेख हसीना समेत तीन लोगों पर सामूहिक हत्या के साथ कई दूसरे आरोप लगाए हैं। पिछले साल छात्रों की अगुआई में हुए विरोध प्रदर्शनों के हिंसक दमन में उनकी कथित भूमिका के लिए रविवार को आरोप लगाए गए। प्ब्ज ऐक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने पर हसीना और दूसरे आरोपियों को मौत की सजा हो सकती है। विरोध प्रदर्शनों के वाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के लगभग 10 महीने वाद यह कार्यवाही शुरू हुई। 145 पेज वाले आरोपों को सुनने के वाद तीन सदस्यों वाली प्ब्ज बेंच ने कहा, श्हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं।श अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दवाने के लिए अधिकार का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत, भड़काने और अपराध में मदद करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही उसने यह भी कहा कि इस तरह के काम मानवता के खिलाफ अपराध के समान हैं। अवामी लीग को एक आपराधिक संगठन माना जाए। प्ब्ज की स्थापना 2009 में शेख हसीना ने किया था।

कार्यवाही का हुआ लाइव टेलिकास्ट

बांग्लादेश के इतिहास में पहली बार इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की कार्यवाही का टीवी पर सीधा प्रसारण किया गया। ट्रिब्यूनल की कार्यवाही सुबह 9.30 बजे शुरू होनी थी, लेकिन इसमें थोड़ी देरी हुई। अज्ञात लोगों ने सुनवाई शुरू होने से कुछ घंटे पहले ट्रिब्यूनल के गेट पर तीन देसी बम फेंके। पुलिस ने बताया कि दो बम में धमाके हुए। तीसरे को डिफ्यूज कर दिया गया।

## सत्ता और प्रतिशोध की में जल रहे युनूस मुल्क को ले जा रहे किस ओर

# फिर से पूर्व पाकिस्तान बनने की राह पर बांग्लादेश ?

भारत ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने डेलीगेशन को दुनियाभर के देशों में भेजकर पाकिस्तान की करतूतों का पर्दाफाश कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ एक घिनौना खेल भी भारत के पड़ोस में चल रहा है। सेना, इस्लामवादियों, युद्ध अपराधियों और छात्र क्रांतिकारियों के समर्थन से एक अनिर्वाचित शासन बांग्लादेश को एक और पाकिस्तान में तब्दील करने पर उतारू है। एक ऐसा राज्य जिसका अस्तित्व ही भारत की वजह से दुनिया में आ पाया। लेकिन वो कट्टरपंथ की आग में जलकर भारत को तोड़ने का सपना देख रहा है और वो भी चीन और अमेरिक की गोद में बैठकर। बांग्लादेश को फिलहाल मुख्य सलाहकार के रूप में एक श्अंतरिम सरकारश का नेतृत्व करने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस द्वारा संचालित किया जा रहा है। यूनुस, एक चालाक, प्रतिशोधी व्यक्ति है।



नौ महीने में मुल्क का कर दिया बेड़ा गर्क

इस अवैध शासन को सत्ता में आए नौ महीने हो चुके हैं। शेख हसीना को सुनियोजित तरीके से हटाए जाने के बाद के नौ अशांत महीनों के दौरान यूनुस ने बांग्लादेश की तीव्र आर्थिक गिरावट की ओर लेकर गए। इसके अलावा 1971 के युद्ध अपराधियों की रिहाई, इस्लामी कट्टरपंथ में बढोतरी, अनियंत्रित प्रतिशोध की राजनीति, हिंदू अल्पसंख्यकों को सताना और अपेक्षित लोकतांत्रिक जनादेश के बिना विदेश नीति में व्यापक बदलाव ये वो हालिया घटनाक्रम रहे हैं जो बीते नौ महीने में देश की दशा और दिशा को बदलने की ओर ले जा रहे हैं। पिछले साल अगस्त में सत्ता संभालने के लिए जब वे अमेरिका से आए थे, तब यूनुस ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के ज़रिए बांग्लादेश के लोकतंत्र को बहाल करने का वादा किया था। लेकिन इससे ठीक उलट वे बांग्लादेश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, जो देश की आज़ादी का पर्याय है, अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाकर और चुनावों में देरी करके 'लोकतंत्र को बहाल' कर रहे हैं।

सेना से ठन गई

आश्चर्य की बात नहीं है कि यूनुस बांग्लादेश की राजनीतिक परिदृश्य में बची एकमात्र बड़ी पार्टी बीएनपी के साथ टकराव की राह पर चल पड़े हैं, जो सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। हालांकि, श्मुख्य सलाहकारश के पास कुछ और ही योजनाएँ हैं। सैन्य समर्थित शासन के मुखिया के लिए, यूनुस ने सेना प्रमुख को भी अपना दुश्मन बना लिया है। जनरल वकर–उज़–ज़मान ने समय से पहले चुनाव कराने का आह्वान किया है और सेना को अंधेरे में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लेने के यूनुस के कदमों के खिलाफ़ आवाज़ उठाई है, जैसे कि म्यांमार के अशांत राखिन प्रांत से चटगाँव को जोड़ने वाला मानवीय गलियारा बनाना, जहाँ सैन्य जुंटा गृहयुद्ध लड़ रहा है। बांग्लादेश में सत्ता के लिए एक दिलचस्प संघर्ष और महल के तख्तापलट और जवाबी तख्तापलट के प्रयास देखने को मिल रहे हैं।

फिर से पूर्वी पाकिस्तान बनने की राह पर बांग्लादेश

सत्ता के लिए उनकी भूख बांग्लादेश पर नज़र रखने वालों के लिए आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए। विकीलीक्स द्वारा लीक किए गए अमेरिकी राजनयिक केबल से पता चलता है कि अमेरिकियों को कम से कम 2007 से पता था कि यूनुस में बांग्लादेशी राजनीति के भंवर में कूदने की तीव्र इच्छा है। 13 फरवरी को जारी एक केबल में उल्लेख किया गया है कि यूनुस बांग्लादेश की राजनीति में प्रवेश करने पर विचार कर रहे हैं और वे अपने विकल्पों की समीक्षा कर रहे हैं"। केबल से पता चलता है कि अमेरिकियों को लगता है कि यूनुस महान नैतिक कद और मजबूत संगठनात्मक कौशल वाले व्यक्ति हैं"और उनकी उम्मीदवारी मौजूदा शेख हसीना–खालिदा जिया के शून्य–योग खेल से संभावित रूप से बाहर निकलने का मौका दे सकती है जो बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करती है।

# पशु बाजार बंद रखने का निर्देश; महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने आपत्ति जताई



**मुंबई :** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद को लेकर देशभर में तैयारियां की जा रही हैं. इस बीच महाराष्ट्र गौसेवा आयोग ने राज्य की सभी कृषि उपज मंडी समितियों को 3 जून से 8 जून तक पशु बाजार बंद रखने का निर्देश जारी किया है. बताया जा रहा है कि यह निर्णय ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के मद्देनजर लिया गया है. अब इसे लेकर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने आपत्ति जताई है. उन्होंने आयोग के अधिकारों पर सवाल खड़े किए हैं और आरोप लगाया है कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने की कोशिश हो रही है. समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कहा, ''बकरीद हमारी 7, 8 और 9 जून को है और वो बाजार बंद करने के लिए कैसे कह सकते हैं? उन्हें क्या अधिकार है? इस देश में हर धर्म के लोगों को अपनी आस्था के अनुसार जीने और अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार है. ये कुर्बानी हमारे में जरूरी है.''

**ये लोग सिर्फ नफरत फैला रहे हैं- अबू आजमी**

उन्होंने ये भी कहा, ''अगर इंसान के पास इतनी आमदनी है कि वो अपनी इज्जत से रह और खा सकता है तो उसे कुर्बानी करना फर्ज है. मैं समझता हूं कि ये लोग सिर्फ और सिर्फ नफरत फैला रहे हैं. मुसलमानों के साथ जो चल रहा है, ये उसी का हिस्सा है. मैं नहीं समझता हूं कि इस तरह का कोई आदेश आ सकता है.''

**'CM से एसओपी जारी करने के लिए आग्रह करूंगा'**

सपा नेता अबू आजमी ने आगे कहा, ''बकरीद सभी लोग मना पाएंगे. मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करूंगा कि वे एसओपी जारी कर दीजिए, जैसे आज तक बकरीद होती आई है उसी तरह से आराम से ये त्यौहार मनाने दीजिए. जो लोग गलतफहमियां और नफरत फैला रहे हैं, उनको बोल दीजिए कि अपनी जुबान बंद रखो ताकि लोग ईद-उल-अजहा शांतिपूर्वक मना सकें.''

# मुंबई : भारतीय रेलवे की चेरी उत्पादकों के लिए एक खास शुरूआत;

## महज 30 घंटे में कश्मीर से मुंबई पहुंचेगी चेरी



**मुंबई :** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार अपनी कोशिशों में लगा रहता है, साथ ही मालों की ढुलाई में भी नित नई कामयाबी गढ़ता जा रहा है. रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के चेरी उत्पादकों के लिए एक खास शुरूआत की है जो घाटी से सीधे मुंबई तक जाएगी. चेरी के लिए खासतैर पर बनाई गई इस व्यवस्था से इसे जल्दी बाजार तक पहुंचाया जा सकेगा. चेरी उन फलों में आता है जो बहुत जल्दी खराब हो जाती है, लेकिन अब देश के कोने-कोने तक लोगों के बीच आसानी से पहुंचाया जा सकेगा. कश्मीर के चेरी उत्पादकों को भी आर्थिक रूप से इसका फायदा भी मिलेगा.

**महज 30 घंटे में ही मुंबई पहुंचेगी चेरी**

रेलवे की ओर से ट्रेन में स्पेशल वैगन लगा देने से अब महज 30 से 33 घंटे में ही चेरी मुंबई तक पहुंच जाएगी. पहले सड़क मार्ग के जरिए चेरी को घाटी से मुंबई तक पहुंचाने में छह से सात दिन लग जाया करते थे. अब पहली बार जम्मू डिविजन के कटरा रेलवे स्टेशन से टेंपरेचर कंट्रोल्ड वैगन के जरिए चेरी की 24 टन की पहली खेप शनिवार को मुंबई पहुंचाई गई. इस नई शुरूआत से कश्मीर के चेरी उत्पादकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है, क्योंकि उनकी चेरी खराब नहीं होगी और अब कम समय में ही मुंबई पहुंच सकेगी. फिर वहां से आस-पास के इलाकों में पहुंचाया जा सकेगा. आज मंगलवार को चेरी की एक और खेप मुंबई के लिए रवाना की जाएगी.

**ट्रांसपोर्टेशन की लागत में भी 75 फीसदी**

ट्रेन के जरिए चेरी को ले जाने से ट्रांसपोर्टेशन की लागत में भी 75 फीसदी की खासी कमी आई है. श्रीनगर से यात्री ट्रेन से जुड़ा एक पार्सल रेक आज 3 जून को भी 24 टन चेरी लेकर मुंबई के लिए रवाना हो रहा है. रेलवे के एक अधिकारी का कहना है कि आने वाले दिनों में रेलवे कश्मीर से सभी तरह के ताजे फलों को देश के कई अन्य बड़े शहरों तक पहुंचाने की योजना बना रहा है.

# मुंबई: सफाई कर्मचारियों को एक दृढ़ विरोध के बाद दो महीने का बकाया वेतन नकद मिला



**मुंबई:** घनसोली के वार्ड नंबर 72 के सफाई कर्मचारियों को एक दृढ़ विरोध के बाद दो महीने का बकाया वेतन नकद मिला है, जिससे उनके मुद्दे सुर्खियों में आ गए हैं। कर्मचारी मार्च, अप्रैल और मई 2025 के वेतन के साथ-साथ 14 महीने के बकाया भविष्य निधि अंशदान और विशेष जीवनयापन भत्ते के बकाया भुगतान की मांग कर रहे थे। एक सदस्य ने कहा, ''ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग से बार-बार अपील करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।''

# मुंबई : यात्री बकरी को लेकर लोकल ट्रेन से यात्रा; सोशल मीडिया पर वायरल



**मुंबई :** लोकल ट्रेन में भीड़ के समय यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है। यात्रियों को शाम के समय घर जाते समय लोकल ट्रेन के गेट पर लटक कर यात्रा करनी पड़ती है। भीड़ के समय लोकल के डिब्बे में ठीक से खड़े रहने की भी जगह नहीं होती है। इस वजह से कई यात्रियों को खड़े रहकर ही यात्रा करनी पड़ती है।

यात्रियों से खचाखच भरी भीड़ में यात्रा करना मुंबई के लोगों के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। इसी लोकल ट्रेन में एक बकरी ने यात्रा की, जिसका वीडियो सामने आया है। एक यात्री बकरी को लेकर लोकल ट्रेन से यात्रा करता दिखा। इस बकरी की लोकल यात्रा सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। बकरी का लोकल में सफर लोकल ट्रेन मुंबईकरों की 'लाइफलाइन' है। हर दिन लाखों यात्री भारी भीड़ में यात्रा करते हैं। लेकिन अब लोकल ट्रेन के माल डिब्बे में बकरियां भी सफर कर रही हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति कुर्ला स्टेशन से कल्याण जाने वाली ट्रेन में बकरी के साथ यात्रा कर रहा है। इस यात्री ने शाम 6 बजकर 8 मिनट की लोकल ट्रेन में बकरी के साथ सफर किया।

पहले कुत्ते ने भी की थी लोकल यात्रा कुछ दिनों पहले एक कुत्ते ने भी लोकल में सफर किया था। यात्रियों से भरे लोकल डिब्बे में एक महिला कुत्ते को लेकर चढ़ी थी। उस महिला यात्री ने कुत्ते को अपने बैग में रखा था। महिला के साथ आए कुत्ते को लोकल में यात्री बड़ी उत्सुकता से देख रहे थे। लोकल में यात्रियों को जल्दी खड़े रहने की जगह नहीं मिलती, उसी लोकल में एक कुत्ते ने सुरक्षित यात्रा की। कुत्ते का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था इस घटना ने लोकल ट्रेनों में यात्रियों के साथ-साथ जानवरों के सफर को लेकर भी चर्चा छेड़ दी है।

# बीएमसी की बहुप्रतीक्षित हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करने की योजना



**मुंबई:** मध्य वैतरणा बांध पर हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करने की बीएमसी की बहुप्रतीक्षित योजना आखिरकार आगे बढ़ रही है। नगर निकाय को अगले 15 दिनों के भीतर वन विभाग से चरण 2 की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना का लक्ष्य 26.5 मेगावाट हाइब्रिड बिजली उत्पन्न करना है, जिसका उत्पादन लगभग 2.5 वर्षों में शुरू होने की संभावना है। चालू होने के बाद, इससे बीएमसी को सालाना लगभग 9 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। मध्य वैतरणा बांध मुंबई को प्रतिदिन 455 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति करता है, जो शहर की कुल जल आपूर्ति का लगभग 11% है। जलाशय की कुल भंडारण क्षमता 1.93 लाख मिलियन लीटर है। बीएमसी ने साइट पर सौर और पनबिजली उत्पादन स्थापित करने के लिए वैतरणा सोलर हाइड्रो पावर जेनको कंपनी के साथ एक बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नगर निकाय को पहले ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है।

# मुंबई: बांद्रा झील से 70,000 क्यूबिक मीटर पानी निकालने और कीचड़ निकालने का फैसला



**मुंबई:** बांद्रा तालाब (झील) का एक बार फिर कायाकल्प किया जाएगा। इस बार, बीएमसी ने झील से 70,000 क्यूबिक मीटर पानी निकालने और कीचड़ निकालने का फैसला किया है। इस काम पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसका वित्तपोषण राज्य के 15वें वित्त आयोग द्वारा किया जाएगा। बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, ''झील का पानी सीवेज और कचरे के कारण प्रदूषित है और मछलियों सहित कोई भी जीवित प्राणी वहां जीवित नहीं रह सकता।

झील के पानी का कायाकल्प जरूरी है। इसके लिए फंड की मंजूरी का इंतजार है। 23 जनवरी को बताया था कि बीएमसी ने तालाब के पानी की जांच करने और विरासत स्थल से पानी निकालने, कीचड़ निकालने और सौंदर्यीकरण की कार्यप्रणाली को अंतिम रूप देने के लिए एक सलाहकार नियुक्त किया है।

अधिकारी ने कहा, ''फाइल अंतिम मंजूरी के लिए नगर आयुक्त के पास है। फाइल मंजूर होने के बाद सीवरेज परियोजना विभाग टेंडर जारी करेगा। काम एच-वेस्ट वार्ड द्वारा किया जाएगा।'' सहायक नगर आयुक्त (एच-पश्चिम) दिनेश पल्लेवाड़ ने कहा कि इसी महीने निविदा जारी होने की उम्मीद है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com